हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शनिवार 18 अप्रैल 2026

10 सांसारिक भेंट के नहीं, समर्पण भाव के भूखे होते हैं...



11 भगवान परशुराम ज्ञान, सत्य व धर्म के प्रतीक...



**खबर संक्षेप**

## 10.14 ग्राम हेरोइन के साथ आरोपी गिरफ्तार

**नारनौंद।** सीआईए ने हेरोइन सहित एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान सिसाय बोलान निवासी विक्की के रूप में हुई है। एएसआई ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान मलिक अस्पताल के पास मौजूद थी। इसी दौरान सूचना मिली कि सिसाय बोलान व हाल साईं कॉलोनी निवासी विक्की कुमार नशीले पदार्थ की खरीद-फरोख्त करता है और अपने घर के सामने गली में नशीला पदार्थ बेच रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंच वहां खड़ा युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा लेकिन पुलिस ने उसे काबू कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 10.14 ग्राम नशीला पदार्थ हेरोइन बरामद हुई। आरोपी को कोर्ट में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इस दौरान आरोपी से नशा तस्करी से जुड़े अन्य आरोपियों की जानकारी हासिल करने का प्रयास किया जाएगा।

**छात्र संवाद कार्यक्रम के लिए विवि परिसर में स्थान नहीं देने पर हुआ था बवाल**

# गुजवि में इनसो के उग्र प्रदर्शन मामले में दिग्विजय चौटाला समेत कई जेजेपी नेताओं पर एफआईआर

**पुलिस ने रात को जेजेपी के छह नेताओं को गिरफ्तार किया, कोर्ट ने 1 दिन के ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा**

**पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत के साथ गिरफ्तारी देने पहुंचे दिग्विजय चौटाला, पुलिस ने नहीं किया गिरफ्तार**

**सिटी थाना में गिरफ्तारी नहीं होने के बाद पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पहुंचे चौटाला बंधु**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में गुरुवार को इनसो के उग्र प्रदर्शन के बाद पुलिस ने जेजेपी की युवा विंग के प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय चौटाला समेत पार्टी के कई नेताओं पर केस दर्ज किया है। इनमें छह नेताओं जेजेपी के शहरी अध्यक्ष एडवोकेट तरुण गोयल, प्रवक्ता रवि आहुजा, एससी सेल के अध्यक्ष बिजेंद्र धानक, युवा शहरी हिसार अध्यक्ष गौरव सैनी, महिला विंग की जिलाध्यक्ष के पति जितेंद्र श्योरान तथा इनसो नेता दीपक घनघस को रात गिरफ्तार कर लिया है। पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं की गिरफ्तार की सूचना पर दिनभर शहर की सड़कों पर बवाल हुआ। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाया और अपने भाई दिग्विजय चौटाला की गिरफ्तारी दिलवाने समर्थकों के साथ शहर पुलिस थाना पहुंच गए।

इस दौरान पुलिस ने दिग्विजय को गिरफ्तार नहीं किया तो दुष्यंत चौटाला उन्हें लेकर एसपी कार्यालय की तरफ अपने काफिले के साथ रवाना हो गए। पुरानी सब्जी मंडी ओवरब्रिज पर पूर्व डिप्टी सीएम के काफिले की गाड़ी व पुलिस की एक गाड़ी में टक्कर हुई और सादी वर्दी में गाड़ी से उतरे पुलिस कर्मी ने दुर्व्यवहार करते हुए पिस्टल दिखाई। बाद में लघु सचिवालय पहुंचकर पूरा मामला पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने एसपी सिद्धांत जैन के सामने रखा। चौटाला ने कहा कि हम दिग्विजय चौटाला की गिरफ्तारी दिलवाने आए हैं। इस पर एसपी ने कहा कि इस मामले में पुलिस की तफ्तीश लगातार जारी है। जो भी साक्ष्य मिलेंगे, उसके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जेजेपी नेताओं को एसपी ने तफ्तीश कर निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया। उधर, गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को पुलिस ने अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें एक दिन के ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।



**हिसार।** शहर थाना में भाई की गिरफ्तारी दिलाने पहुंचे पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला।

### पूरी कार्रवाई सरकार के इशारे पर : दुष्यंत चौटाला

इससे पूर्व जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला, दिग्विजय चौटाला अपने कार्यकर्ताओं के साथ लाजपत नगर स्थित पार्टी कार्यालय में एकत्रित हुए। वहां पर दुष्यंत चौटाला ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पूरी कार्रवाई सरकार के इशारे पर की गई है। चौटाला ने सरकार पर सरकारी मशीनरी का मिसयूज करने का आरोप लगाया। जिन लोगों को गिरफ्तार किया है उनके नाम एफआईआर में नहीं है तो उन्हें किस आधार पर गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि सरकार हमारे संगठन को कमजोर करना चाहती है लेकिन हम न झुके हैं न ही झुकेंगे। दिग्विजय चौटाला गिरफ्तारी देने के लिए अपने बड़े भाई दुष्यंत चौटाला के साथ खुद शहर पुलिस थाना पहुंचे। थाना के गेट पर बाहर संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। चौटाला ने पुलिस व सरकार पर जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने कहा कि पकड़े गए कार्यकर्ताओं को रिहा करो, नहीं हमें भी गिरफ्तार कर लो। पुलिस ने दिग्विजय की गिरफ्तारी नहीं ली। इस दौरान दुष्यंत चौटाला ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े किए। कुछ देर तक इंतजार करने के बाद दोनों भाई अपने समर्थकों के साथ एसपी कार्यालय की तरफ रवाना हो गए।

**जानें... क्या है मामला**

गुरुवार को जेजेपी की छात्र विंग इनसो ने गुजवि में उग्र प्रदर्शन किया था, जिसको लेकर विवि प्रशासन ने जेजेपी नेता दिग्विजय चौटाला समेत 7 नामजद व 250 अन्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई थी। इस मामले में पुलिस ने रात्रि में छह जेजेपी नेताओं को गिरफ्तारी भी कर लिया था। इस मामले में दिग्विजय चौटाला अपने बड़े भाई दुष्यंत चौटाला के साथ खुद गिरफ्तारी देने के लिए पहले शहर पुलिस थाना और बाद में एसपी कार्यालय में जा रहे थे और बीच रास्ते में पुरानी सब्जी मंडी ओवरब्रिज पर पुलिस और दुष्यंत चौटाला की एस्कॉर्ट के साथ यह सारा वाक्या हो गया। उधर, पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो क्लिप अधूरी एवं भ्रामक है तथा लगाए गए आरोप निराधार हैं। इसके अतिरिक्त पूरे मामले की जांच एक उप पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी द्वारा करवाई जा रही है।

## पेटवाड़ में आग लगने से 3 एकड़ में गेहूं जलकर राख

- दस एकड़ में फाने भी जले
- उचित मुआवजे की मांग



**नारनौंद।** पेटवाड़ के खेतों में पेटवाड़ से उगालन सड़क मार्ग पर अज्ञात कारणों से आग लगने के कारण 3 एकड़ खड़ी गेहूं की फसल और 10 एकड़ फाने जलकर राख हो गए। फायर ब्रिगेड गाड़ियों ओर ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रमेश कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे।

पेटवाड़ निवासी किसान मुकेश ने बताया कि शुक्रवार की सुबह खेतों में अज्ञात परिस्थितियों में आग लग गई। तुरंत ही इसकी सूचना पुलिस ओर फायर ब्रिगेड कर्मचारियों को दी। आग लगने की खबर मिलते ही ग्रामीण भी खेतों की तरफ आ गए ओर आग पर काबू पाना शुरू कर दिया। नारनौंद से दो ओर हांसी से एक फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची। ग्रामीणों ओर पुलिस की मदद से जल्द ही आग बुझा दी गई लेकिन तब तक मुकेश के सवा दो एकड़ ओर उसके पिता रोशन का एक एकड़ गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई थी। किसान वकील ओर मीता राम के 5-5 एकड़ फाने जल गए। किसानों ने सरकार से उचित मुआवजा देने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि फायर ब्रिगेड के कर्मचारी हड़ताल पर गए हुए हैं। जिसका खामियाज किसानों को भुगतना पड़ रहा हैं। क्योंकि फायर ब्रिगेड कर्मचारी की जगह गाड़ी को रोडवेज की चालक चला रहे हैं खेतों में गाड़ी ले जाने का उनका अनुभव काफी कम है जिसकी वजह से काफी देरी हो रही है जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी खेत में पहुंचती है। तब तक काफी फसल जल चुकी होती है।

## कंवारी में खारे पानी से तंग हो वाटर वर्क्स पर जड़ा ताला



**हांसी।** जलघर के गेट पर ताला लगाते कंवारी गांव के ग्रामीण।

- अधिकारियों ने समस्या के स्थायी समाधान का दिया आश्वासन

**हांसी।** जिले के गांव कंवारी में पीने के खारे पानी की सप्लाई से परेशान ग्रामीणों ने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया। समस्या के समाधान में देरी से नाराज ग्रामीणों ने गांव के वाटर वर्क्स पर ताला लगा दिया। ग्रामीण विकास ने बताया कि उनके गांव में जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रही वाटर सप्लाई में पिछले लगभग चार महीनों से खारा पानी आ रहा है। जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में कई बार शिकायत की गई, लेकिन अधिकारियों ने समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि पेयजल समस्या से परेशान ग्रामीणों ने शुक्रवार दोपहर विरोध प्रदर्शन करते हुए वाटर वर्क्स पहुंचे और ताला लगा दिया। सूचना मिलने पर विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत की। और उन्होंने विभाग के उच्च अधिकारियों से ग्रामीणों की फोन पर बात करवाई, फोन पर उच्च अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया कि जल्द ही गांव की हरिता ब्रांच से बंद की गई पानी की सप्लाई को दोबारा शुरू की जाएगी, जिससे गांव को साफ पेयजल मिल सके।

### ये उठाईं मांगें

इस अवसर ग्रामीणों ने वाटर वर्क्स की नियमित सफाई, टैंकों की उचित देखरेख, टूटी हुई पाइप लाइनों की मरम्मत और कर्मचारियों द्वारा समय पर मोटर चलाने की मांगें उच्च अधिकारियों के समक्ष रखीं। ग्रामीणों द्वारा रखी गई अधिकारियों द्वारा जल्द ही समाधान करवाने का आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीणों ने अपना विरोध प्रदर्शन समाप्त कर जलघर पर लगाया गया ताला खोला दिया गया। इस अवसर पर सरपंच करतार सिंह श्योराण, भारतीय किसान यूनियन के विकास ढांडा सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### राजकीय महिला कॉलेज में इंटर्नशिप प्रक्रिया समझाई

**हिसार।** राजकीय महिला महाविद्यालय के इंटर्नशिप प्रकोष्ठ द्वारा विद्यार्थियों के लिए दो चरणों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को इंटर्नशिप प्रक्रिया के सभी पहलुओं से अवगत कराना तथा उन्हें प्रशिक्षण एवं करियर से संबंधित उचित निर्णय लेने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह सांगवान ने इंटर्नशिप प्रकोष्ठ के सुव्यवस्थित एवं प्रभावी कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर डॉ. हर्षा, डॉ. शशि कला यादव, डॉ. राकेश, डॉ. अनीता, ज्योति, डॉ. सुमन बंसल, अनीता तनेजा, कविता सैनी, अमित बंसल, डॉ. राकेश, हीना पाहुजा, डॉ. करुणा बामेल तथा डॉ. कमलेश प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम 22 को गोयनका सदन में

**हिसार।** वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा 22 अप्रैल को देवी भवन के गोयनका सदन में स्वागत समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान पूर्वोत्तर राज्यों की छात्राओं द्वारा असम का बिहू नृत्य, नागालैंड व त्रिपुरा की संस्कृति पर आधारित नृत्य, योग व मार्शल आर्ट का प्रदर्शन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की तैयारियों के लिए वनवासी कल्याण आश्रम की हिसार में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में वनवासी कल्याण आश्रम की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रामबाबू सिंगल, प्रदेश सचिव सीए रामनिवास अग्रवाल, जिला अध्यक्ष संजीव अरोड़ा, पवन राड़ा, अजय सैनी, पर्व गुप्ता, जगदीश बंसल, बजरंग, ईश्वर सैनी, मनीष बिंदल, गौरव सिंगला, समीर सरदाना व अंकुश सर्राफ सहित कई लोग मौजूद रहे।

### बाबा साहेब को अर्पित किए श्रद्धासुमन

**हिसार।** बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर सोशल वैलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में हनुमान मंदिर गांव धांसु में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पूर्व जिला पार्षद बीरमती देवी विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित हुई। उन्होंने डॉ. साहेब को श्रद्धासुमन अर्पित किए। आयोजकों ने बीरमती देवी को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय कुमार, महासचिव सुशील पंवार, सचिव सौरभ सोलंकी, उपाध्यक्ष महेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष राजेश, सुलोचना, बिमला, चिड़िया, संतोष, माया आदि भी मौजूद रहे।

### रोटरी ने टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार बांटा

**हिसार।** रोटरी सेंट्रल द्वारा पटेल नगर स्थित धर्मशाला में टीबी के 20 मरीजों को प्रोटीन डाइट दी गई। रोटरी सेंट्रल के प्रधान सुनील मलिक ने बताया कि क्लब द्वारा इन 20 मरीजों को गोद लिया गया था जिन्हें 6 महीने के लिए प्रोटीन डाइट उपलब्ध करवाकर उन्हें टीबी के इलाज में उनका सहयोग किया गया। इस मौके पर क्लब की तरफ से प्रधान सुनील मलिक, हरीश जुनेजा, पीपी तनेजा, विनोद आहूजा, कुलदीप खेड़ा, एसके मेहता व रविन्द्र कत्याल उपस्थित रहे। समाजसेवी लॉयन महेश नारंग ने भी इस कार्य में सेवा कर पूरा सहयोग दिया।

### ओशो ध्यान उपवन में ध्यान सत्र कल

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में 19 अप्रैल को ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा। ध्यान सत्र में साधकों को विभिन्न ध्यान विधियों को न केवल सिखाया जाएगा बल्कि उनका अभ्यास भी करवाया जाएगा। इस रविवारीय मेडिटेशन के आयोजक स्वामी संजय व मां सांची ने बताया कि ध्यान को जीवन का अभिन्न अंग बनाना नितांत आवश्यक है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हर इंसान किसी न किसी झंझावात में उलझा रहता है। ऐसी स्थिति में इंसान तनाव व अवसाद का शिकार हो जाता है। धीरे-धीरे यह समस्या बढ़ती जाती है और इंसान का स्वास्थ्य प्रभावित होने लगता है। ऐसी स्थिति में ध्यान एक कारगर व प्रभावशाली उपाय है।

## सेक्टर 9-11 शिव मंदिर में हवन और भंडारे के साथ श्रीमद्भागवत कथा संपन्न

# सांसारिक भेंट के नहीं, समर्पण भाव के भूखे होते हैं भगवान : सुदर्शनाचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

अखिल भारतीय गोदा हरिदेव सेवा संस्थान के तत्वावधान में सेक्टर 9-11 के शिव मंदिर में चल रही श्रीमद भागवत कथा हवन, पूर्णाहुति व भंडारे के साथ संपन्न हुई। प्रातः पूरे विधि-विधान से जनकल्याण के निमित हवन किया गया और दोपहर को भंडारा लगाकर सात्विक भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

वृंदावन से पधारे श्री श्री 1008 श्रीमद जगदगुरु रामानुजाचार्य त्रिदंडी स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज के मार्गदर्शन में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा व धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन हुआ। श्रीमद भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास त्रिदंडी स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज ने सुदामा चरित्र व नवयोगेश्वर संवाद पर आधारित प्रवचन दिए। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा की निस्वार्थ मित्रता त्याग और भक्ति का उत्तम उदाहरण है। देखा जाए तो सच्चा मित्र कभी साथ नहीं छोड़ता और विपत्ति में भी साथ निभाता है। इस प्रसंग के माध्यम से त्रिदंडी स्वामी सुदर्शनाचार्य ने समझाया कि भगवान किसी सांसारिक भेंट के नहीं बल्कि समर्पण भाव के भूखे होते हैं। स

दामा ने विषमताओं व निर्धनता को झेलने के बावजूद श्रीकृष्ण से कभी कुछ नहीं मांगा। श्रीकृष्ण ने सुदामा की अवस्था को समझते हुए बिना मांगे ही उनकी कुटिया को महल बनाकर समस्त संसाधनों से परिपूर्ण कर दिया।

इस आयोजन में विक्रम जिंदल, संजीव मित्तल, सुरेश कुमार गोयल, उदार शंकर, सुशांत भारद्वाज, रमेश गोयल, निरंजन गर्ग, राजेश गर्ग, रजनीश त्रिवेदी, रमेश मित्तल, डॉ. दिनेश भारद्वाज एवं सेक्टर 9-11 के निवासियों व शिव मंदिर से जुड़े सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



**हिसार।** सेक्टर 9-11 के शिव मंदिर में चल रही श्रीमद भागवत कथा में उपस्थित श्रद्धालु।

## बाबा जमनीदास पंचायती गुरुद्वारा में श्री अखंड पाठ साहिब प्रारंभ



**हिसार।** बाबा जमनीदास पंचायती गुरुद्वारा में उपस्थित साध संगत। *फोटो: हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पटेल नगर आठ मरला कॉलोनी में स्थित बाबा जमनीदास पंचायती गुरुद्वारा में श्री अखंड पाठ साहिब प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब के हैड ग्रंथी सरदार सरवन सिंह ने सरबत की भलाई के लिए अरदास की। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रबंधक कमेटी बाबा जमनीदास पंचायती गुरुद्वारा सेवा समिति द्वारा बैसाखी के पर्व पर खालसा का 327वां सृजना दिवस को समर्पित महान गुरमत समागम 19 अप्रैल को गुरुद्वारा साहिब में मनाया जाएगा।

कमेटी के प्रधान सूबेदार हरमिंन्द्र सिंह,महासचिव भूपेंद्र पाहवा ने बताया कि महान गुरमत समागम को लेकर शुक्रवार गुरु घर से जुड़ी साध संगतों के बीच गुरुद्वारा साहिब में विधिवत रूप से श्री अखंड पाठ साहिब प्रारंभ किया गया। 19 अप्रैल रविवार को सुंदर दिवान सजाए जाएंगे व प्रातः 10 बजे विधिवत रूप से श्री अखण्ड पाठ साहिब का भोग होगा व गुरुद्वारा साहिब के मुख्य ग्रन्थि द्वारा सरबत की भलाई के लिए अरदास करवाई जाएगी। श्री अखंड पाठ साहिब प्रारंभ के अवसर पर सूबेदार हरमिंदर सिंह, भूपेंद्र पाहवा, सरदार मक्खन सिंह, सरदार कुलदीप सिंह, सरदार सुरजीत सिंह चावला, मदनलाल, सरदार श्रवण सिंह, राजकुमार ठाकुर, अभिराज, अंशुल प्रीतम सिंह, हेमंत जग्गा, लखपालसिंह, अभिषेक, अजय पाहवा, हर्षित पाहवा, मदनलाल गिरधर, समीर पाल आदि मौजूद रहे।

## 'वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे' पर एनएसएस इकाई ने जागरूकता रैली निकाली



**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की एनएसएस यूनिट ने मौखिक स्वास्थ्य दिवस पर निकाली जागरूकता रैली।

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई-6 एवं दंत चिकित्सा विभाग, जिला नागरिक अस्पताल, हिसार द्वारा संयुक्त रूप से वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे के अवसर पर एक जागरूकता रैली का सफल आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन में वर्ल्ड ओरल हेल्थ के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। रैली का समन्वय कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अंजु गुप्ता तथा इकाई-6 की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिवानी यादव एवं समृद्धि द्वारा किया गया। रैली को कुलपति के तकनीकी सलाहकार प्रो. विनोद कुमार छोकर ने कुलपति कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली विश्वविद्यालय परिसर के सभी शैक्षणिक खंडों में जागरूकता करती हुई गेट नंबर तीन से गाड़ी यात्रा द्वारा, मुख्य बाजार, लघु सचिवालय, हिसार, कृषि विश्वविद्यालय होते हुए सिविल अस्पताल पहुंची। वहां पर डॉ. विकास पुरी, डिप्टी सिविल सर्जन, सिविल अस्पताल, हिसार द्वारा प्रतिभागियों व उपस्थित जन समूह को वर्ल्ड ओरल हेल्थ के महत्व, नियमित दंत परीक्षण तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।



**हिसार।** चिह्नित अपराध मामलों की मासिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते उपायुक्त महेंद्र पाल। *फोटो: हरिभूमि*

## कोर्ट में चिह्नित अपराध के मामलों की ठोस पैरवी सुनिश्चित करें: डीसी

- चिह्नित अपराध मामलों की हुई मासिक समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

उपायुक्त महेंद्र पाल ने कहा कि जिले में चिह्नित अपराध के तहत आने वाले मामलों की जांच पुलिस विभाग पूरी गहनता से कर रिपोर्ट तैयार करें।

इसी प्रकार से जिला न्यायवादी कार्यालय चिह्नित अपराध के मामलों में कोर्ट में ठोस तरीके से पैरवी करना सुनिश्चित करें। वे शुक्रवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित वीडियो कान्फ्रेंस सभागार में चिह्नित अपराध की मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग चिन्हित अपराध के सभी मामलों की गहन और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करे तथा जिला न्यायवादी कार्यालय न्यायालय में मजबूती के साथ पक्ष रखें, ताकि कोई भी अपराधी तकनीकी खामियों का लाभ उठाकर बच न सके।

बैठक में नगराधीश सुभाष चंद्र, डीएसपी श्रद्धा सिंह, डीएसपी विनोद शंकर, डीएसपी अमित कुमार सहित पुलिस विभाग व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## रोवर पैमाइश से राजस्व कार्यों में गति के साथ आएगी पारदर्शिता : मंडलायुक्त

- मंडलायुक्त गीता भारती ने गांव बाडो पट्टी पहुंचकर मौके का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिले में राजस्व कार्यों को अधिक पारदर्शी, सटीक एवं समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से संचालित रोवर पैमाइश प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर प्रगति पर है। प्रशिक्षण के पांचवें दिन मंडलायुक्त गीता भारती ने गांव बाडो पट्टी पहुंचकर मौके का निरीक्षण किया तथा प्रशिक्षण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की।

इस दौरान मंडलायुक्त ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि रोवर तकनीक का उपयोग राजस्व कार्यों में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संबंधित अधिकारी प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और इसकी बारीकियों को भली-भांति समझकर फील्ड में लागू करें, ताकि भूमि मापन कार्यों में किसी प्रकार की त्रुटि या विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। मंडलायुक्त गीता भारती ने कहा कि रोवर पैमाइश के माध्यम से भूमि का सटीक मापन संभव होगा, जिससे राजस्व मामलों में पारदर्शिता बढ़ेगी और आमजन को समयबद्ध सेवाएं मिल सकेंगी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में इस तकनीक को प्रभावी रूप से लागू करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मंडलायुक्त के ओएसडी जगदीप सिंह तथा जिला राजस्व अधिकारी श्याम लाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



**हिसार।** रोवर पैमाइश प्रशिक्षण कार्यों का मौका निरीक्षण करती मंडलायुक्त गीता भारती। *फोटो: हरिभूमि*



## भाषण स्पर्धा में वंशिका प्रथम

**हिसार।** छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) सुरेन्द्र कुमार बाजिया ने कहा कि राजनीति में महिलाओं का बढ़ता हुआ प्रतिनिधित्व भारत की छवि को विश्व स्तर पर मजबूत करेगा। एनएसएस इकाई ने नारी शक्ति वंदन विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जिसमे वंशिका (बी.ए. द्वितीय वर्ष) ने प्रथम स्थान, शगुन (बी.कॉम प्रथम वर्ष) ने द्वितीय स्थान, नवनीत शर्मा (बी.कॉम फाइनल वर्ष) ने तृतीय स्थान तथा विवेक (बी.ए. फाइनल वर्ष) को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। यह कार्यक्रम एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कृष्ण लाल, डॉ मीना कुमारी, डॉ. नेहा डांगी एवं डॉ. करम सिंह के निर्देशन एवं देखरेख में आयोजित किया गया।

## फायर कर्मियों ने सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला

अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन द्वारा शुरू हुई फायर कर्मचारियों की शुक्रवार को हड़ताल दसवें दिन भी जारी रही। बरवाला के दमकल केंद्र पर बरवाला के सभी कर्मचारी एक जुट हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। जिसकी अध्यक्षता प्रधान सुरेश कुमार ने की और मंच संचालन फायरमैन सतबीरसिंह ने किया। नगरपालिका कर्मचारी संघ बरवाला इकाई के प्रधान सुनील कुमार लोट ने संबोधित करते हुए कहा कि आज फायर ब्रिगेड कर्मचारियों की हड़ताल दसवें दिन भी जारी है। यदि अभी भी सरकार ने इन समस्याओं का समाधान नहीं किया तो इस आंदोलन को और तेज किया जाएगा। नगरपालिका उपप्रधान विक्की, सचिव राहुल, नगरपालिका दरोगा रवि कुमार ने कहा कि फायर के साथियों को अकेला न समझे। इस मौके पर फायर ब्रिगेड के कर्मचारी फायरमैन राजवीर, जगदीश चंद्र, सुरेश कुमार, राजेश कुमार, अजय कुमार, शंकर लाल, र अजीत सिंह, चांदराम, फायरमैन सुनील कुमार, अनूप सिंह व फायरमैन राजपाल आदि मौजूद रहे।

## इको-क्लब ने पक्षियों के लिए शुरू किया सकोरा-घोसला अभियान



**हिसार।** दयानन्द महाविद्यालय के भूगोल और पर्यावरण अध्ययन विभाग के इको-क्लब ने विद्यार्थियों को अपने आसपास के वातावरण को समृद्ध बनाकर पक्षियों के संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए संयुक्त रूप से सकोरा और घोसला अभियान शुरू किया है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने परिसर में सकोरा लगाकर इस अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने छात्रों को उपलब्ध स्थान और संसाधनों के अनुसार पक्षियों और अन्य आवारा पशुओं के लिए पानी और भोजन की व्यवस्था करने के लिए प्रेरित किया। इको-क्लब की संयोजक डॉ. मंजू शर्मा ने कहा कि प्रकृति में प्रत्येक प्राणी का महत्वपूर्ण और सार्थक अस्तित्व है और मानव-पर्यावरण के नाजुक संबंधों को बनाए रखने के लिए उनका संरक्षण आवश्यक है। डॉ. आदित्य, डॉ. हेमंत शर्मा, डॉ. संगीता और इको क्लब के अन्य सदस्य भी छात्रों के साथ इस अभियान में शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### लुवास के विद्यार्थियों का क्षेत्रीय शैक्षणिक भ्रमण

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के बीवीएससी एवं एएच तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने उत्तराखंड राज्य के प्रमुख शैक्षणिक एवं क्षेत्रीय संस्थानों का एक व्यापक शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण में देहरादून, मसूरी, पंतनगर, नैनीताल तथा मुक्तेश्वर शामिल रहे। यह भ्रमण डॉ. स्नेहिल गुप्ता एवं डॉ. सुरभि के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। देहरादून प्रवास के दौरान विद्यार्थियों ने भारतीय वन्यजीव संस्थान, प्राणी सर्वेक्षण विभाग तथा वन अनुसंधान संस्थान जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों का भ्रमण किया। इन संस्थानों में उन्हें वन्यजीव अनुसंधान, जैव विविधता संरक्षण तथा वानिकी विज्ञान से संबंधित जानकारी प्राप्त हुई। भारतीय वन्यजीव संस्थान में डॉ. अनुकूल नाथ द्वारा व्याख्यान दिया गया। इस अवसर पर प्राणी सर्वेक्षण विभाग में निदेशक डॉ. गौरव शर्मा ने संस्थान की गतिविधियों, अनुसंधान कार्यों तथा राष्ट्रीय स्तर पर इसकी भूमिका के बारे में जानकारी दी। मसूरी में विद्यार्थियों ने स्थानीय पशु चिकित्सालयों का भ्रमण किया।



### महिला आरक्षण के नाम पर गुमराह करने का आरोप

**हिसार।** हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि देश में जातिगत जनगणना को ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ कराना अब समय की मांग है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान के अनुच्छेद 340 के माध्यम से पिछड़ों और वंचितों के सशक्तिकरण का जो सपना देखा था वर्तमान सरकार डेटा छिपाकर उस पर चोट कर रही है। एडवोकेट खोवाल ने स्पष्ट किया कि महिला आरक्षण के नाम पर देश को गुमराह किया जा रहा है क्योंकि जब तक इसमें दलितों और ओबीसी महिलाओं के लिए अलग से कोटा सुनिश्चित नहीं होता तब तक यह बाबा साहेब के 'समानुपातिक प्रतिनिधित्व' के सिद्धांत के खिलाफ है।

### मानसिक स्वास्थ्य शारीरिक जितना ही महत्वपूर्ण

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस (एचएसबी) के सौजन्य से सीआरएस सभागार में 'यंग माइंड्स, स्ट्रांग फ्यूचर्सः ए मेंटल हेल्थ अवेयरनेस सेमिनार' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. ज्योति द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रख्यात परामर्श मनोवैज्ञानिक अर्जुन गुप्ता रहे। मुख्य वक्ता अर्जुन गुप्ता ने अवसाद पर विजयः मानसिक स्वास्थ्य सुधार की सिद्ध रणनीतियां विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि मानसिक स्वास्थ्य शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है। अपने विचारों को समझना और समय पर मदद मांगना कमजोरी नहीं, साहस की निशानी है। इस सत्र में प्रबंधन के विद्यार्थियों, शिक्षकगणों और शोधार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सत्र के दौरान अति-सोच पर गहन चर्चा हुई और कई प्रतिभागियों ने अपनी निजी कहानियां भी साझा की, जिससे माहौल खुला और संवेदनशील बना। कार्यक्रम के अंत में एचएसबी के निदेशक प्रो. संजीव कुमार ने मुख्य वक्ता अर्जुन गुप्ता को सम्मानित किया।



## गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय के इतिहास में जुड़ा स्वर्णिम अध्याय

# डॉ. राजपाल ने लिखा गवर्नमेंट कॉलेज का कुलगीत

- डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर हुई कार्यशाला के दौरान किया विधिवत लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. राजपाल ने महाविद्यालय का अत्यंत भावनात्मक एवं प्रेरणादायक कुलगीत रचा है, जिसका हाल ही में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती पर आयोजित कार्यशाला के दौरान विधिवत लोकार्पण किया गया। डॉ. राजपाल ने बताया कि इस कुलगीत की रचना कॉलेज की गौरवशाली 75 वर्षीय यात्रा (1950-2025) के प्रतीक के रूप में की गई है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि एक पूजनीय पीठ है, जहां हम शिष्टाचार, नवाचार और सामाजिक समरसता के संस्कार ग्रहण करते हैं। डॉ. राजपाल ने बताया कि संस्था की स्थापना के बाद से कोई आधिकारिक कुलगीत नहीं था। प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार सैनी के मार्गदर्शन में उन्होंने महाविद्यालय की अस्मिता, गुरु गोरखनाथ की शिक्षाओं और हरियाणवी संस्कृति को समेटते हुए यह गीत रचा।

गीत का ऑडियो संगीत विभाग के सहयोग से तैयार किया गया। डॉ. अम्बेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि रिटायर्ड मंडलायुक्त डॉ. अशोक कुमार गर्ग और मुख्य वक्ता प्रो. प्रवीन कुमार अंशुमन ने संयुक्त रूप से कुलगीत के ऑडियो का लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार सैनी ने की।



**हिसार।** कुलगीत का लोकार्पण करते अतिथिगण।

## खबर संक्षेप

### मांगों को लेकर दिव्यांगों का सम्मेलन नारनौंद में 10 को

नारनौंद। दिव्यांग अधिकार मंच द्वारा नारनौंद ब्लॉक की बैठक ब्लॉक प्रधान राममेहर रोहिला की अध्यक्षता में शहर के संस्कृत महाविद्यालय में की गई। इसका संचालन मास्टर सतीश माजरा ने किया। बैठक में ऋषिकेश राजली राज्य महासचिव ने भी शिरकत की। बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि 10 मई को नारनौंद ब्लॉक का सम्मेलन किया जाएगा। इससे पहले 10 गांव में कमेटियों का गठन और सदस्यता अभियान चलाकर संगठन को मजबूत किया जाएगा। विकलांग अधिकार मंच की बैठक में पहुंचे ऋषिकेश राजली ने बताया कि 25-26 मई को हिसार में जिला सम्मेलन किया जाएगा। इससे पहले सभी ब्लॉकों के सम्मेलन किए जाएंगे। मीटिंग में सतीश कपड़ो, लालसिंह, राजेंद्र, बबलू, सुबेसिंह, राकेश, विकाश सोनी, महेंद्र नारनौंद ओर कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद थे।

### राजकीय महाविद्यालय खेड़ी चोपटा में हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

नारनौंद। राजकीय महाविद्यालय खेड़ी चोपटा के कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा शुक्रवार को ज्ञानवर्धक एवं रोचक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता महाविद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार के सक्षम मार्गदर्शन में आयोजित की गई। सहायक प्रो. राम निवास ने क्विज़ मास्टर की भूमिका निभाते हुए प्रतियोगिता का कुशल संचालन किया। वहीं, गणित विभाग के राहुल ने स्कोरर के रूप में भागीदारी की। टीम ई ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस टीम में छात्रा प्रिया, प्रीति एवं मनजीत शामिल रहे। टीम सी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जिसमें बीए प्रथम वर्ष की छात्राएं रवीना, रेशु एवं काजल शामिल रहीं। कार्यक्रम के दौरान कार्यवाहक प्राचार्या पिंकी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया।

### अनिल सैनी गौपुत्र सेना हांसी के जिलाध्यक्ष बने

हांसी। गौपुत्र सेना द्वारा खटीक धर्मशाला में जिला स्तरीय एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन विस्तार को लेकर निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय संगठन महामंत्री सुनील क्रांतिकारी ने संगठन को मजबूत करने, गौसेवा कार्यों को गति देने तथा आगामी अभियानों की रूपरेखा पर चर्चा की। इस अवसर पर अनिल सैनी को जिला अध्यक्ष तथा श्याम सिंह को जिला संगठन मंत्री नियुक्त किया गया। इन नियुक्तियों की घोषणा हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद स्वामी द्वारा की गई। इसके अलावा कार्यकारिणी में गांधी, जयमित को उपाध्यक्ष, भवानी सिंह को महासचिव, चन्दन, जतिन, प्रवीण शर्मा को सचिव बनाया गया। इस अवसर पर संजय कांगड़ा, बाबा योगी नाथ आदि मौजूद रहे।

### धोखाधड़ी के मामले में उद्घोषित आरोपी गिरफ्तार

नारनौंद। पीओ स्टाफ हांसी ने लंबे समय फरार एक उद्घोषित अपराधी को काबू किया है। आरोपी की पहचान पलवल जिले के गांव नौरंगाबाद निवासी फिरोज के रूप में हुई है। पकड़े गए आरोपी को पीओ स्टाफ द्वारा आगामी कानूनी कार्रवाई के लिए बास थाना पुलिस के हवाले किया गया। एएसआई सोमवीर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ 11 फरवरी 2021 को बास थाना में धोखाधड़ी की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। लेकिन कोर्ट से जमानत मिलने के बाद इस मामले में आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था आरोपी की लगातार गैरहाजिरी के चलते अदालत द्वारा 4 नवंबर 2023 को उसे उद्घोषित आरोपी घोषित किया गया। जिसके बाद पीओ स्टाफ के प्रयासों के चलते आरोपी को पलवल से काबू कर आरोपी से घटना स्थल की निशानदेही करवाकर 700 रुपये बरामद किए गए।

## बच्चों को अच्छी शिक्षा व संस्कार दे उनका भविष्य सुरक्षित करें

# भगवान परशुराम ज्ञान, सत्य व धर्म के प्रतीक : खेल मंत्री

खेल मंत्री ने भगवान परशुराम धर्मशाला निर्माण के लिए 31 लाख रुपये देने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद



नारनौंद : खेल मंत्री गौरव गौतम व विधायक रामकुमार गौतम को सम्मानित करते हुए प्रधान हरिनिवास शांडिल्य व अन्य। फोटो : हरिभूमि

भगवान परशुराम धर्मशाला परिसर में शुक्रवार को भगवान परशुराम जयंती समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश के खेल मंत्री गौरव गौतम ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि समारोह की अध्यक्षता सफीदों विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामकुमार गौतम ने की। दोनों अतिथियों ने धर्मशाला परिसर में स्थापित भगवान परशुराम की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। मुख्य अतिथि खेल मंत्री गौरव गौतम ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान परशुराम ज्ञान, सत्य और धर्म के प्रतीक हैं।

उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा एवं श्रेष्ठ संस्कार देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखें और भविष्य को सुरक्षित बनाएं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से कोई भी व्यक्ति ऊंचे से ऊंचा मुकाम हासिल कर सकता है। कहा कि आज के समय में खेलों के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं और बच्चे इसमें अपना सुनहरा करियर बना सकते हैं। उन्होंने बच्चों को अपनी रुचि के अनुसार खेल, शिक्षा, चिकित्सा एवं अन्य क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान खेल मंत्री ने भगवान परशुराम धर्मशाला के निर्माण कार्य को गति देने के लिए 31 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा भी की। विधायक रामकुमार गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश और हरियाणा प्रदेश निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर हैं।

कार्यक्रम में नवीन जयहिंद ने भी शिरकत की उन्होंने कहा कि रामकुमार गौतम की सरकार में सबसे ज्यादा चलती हैं। खेल मंत्री यहां मंच पर मौजूद है। आप इनसे भी पूछ सकते हैं। मैं युवाओं के हकों के लिए लड़ता हूं और आखिरी सांस तक लड़ता रहूंगा।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर परशुराम धर्मशाला के प्रधान हरीनिवास शांडिल्य, हरिराम दीक्षित, धर्मवीर पिंडारा, मास्टर सुरेंद्र शर्मा, दीपक शांडिल्य, उपप्रधान जगदीश उर्फ बिल्लू, पार्षद टेकराम शर्मा, बलजीत राजथल, मास्टर बिशन लाल, दिनेश व्यास, रामवतार शर्मा आदि मौजूद थे।

### मोबाइल स्नैचिंग में दूसरा आरोपी दबोचा

हांसी। एवीटी स्टाफ में एक मोबाइल फोन स्नेचर मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जमावड़ी गांव निवासी गोविन्दा उर्फ गोल्डी के रूप में हुई है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी की गिरफ्तारकर कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लेकर आरोपी के पास से छीना गया फोन बरामद किया। एएसआई राजीव कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि अग्रवाल कॉलोनी में बाइक सवार दो युवक एक महिला से मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंचे और पीड़ित से फोन स्नेचर के बारे जानकारी हासिल की। महिला ने लिखित शिकायत में बताया कि वह बाजार से पैदल अपने घर जा रही थी, तभी पीछे से बाइक पर आए दो युवकों ने झपटा मारकर उसका मोबाइल फोन छीन लिया। महिला ने बताया कि उसके मोबाइल फोन के कवर में 2000 रुपये रखे हुए थे। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी रणजीत उर्फ बबलू को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया था और रिमांड के दौरान पूछताछ के दौरान आरोपी रणजीत की निशानदेही पर उसके साथी आरोपी गोविन्दा उर्फ गोल्डी को गिरफ्तार कर उसके पास से मोबाइल फोन में रखे हुए 2000 रुपयों में से 700 रुपये बरामद कर दोनों आरोपियों को अदालत में पेश गया है।

## खबर संक्षेप



### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ओलंपियाड में जीते स्वर्ण पदक

हिसार। रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल खारा खेड़ी में स्थित सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एसओएफ इंटरनेशनल हिंदी ओलंपियाड में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। हिंदी विभाग के अध्यापक डॉ. संदीप ने जानकारी देते हुए बताया कि कैडेट महेश एवं कैडेट यश कुमार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त कर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की है। इसके अतिरिक्त कैडेट आदित्य तिवारी, कैडेट रंजन कुशवाहा, कैडेट रौनक कुमार एवं कैडेट प्रियांशु सिंह ने कांस्य पदक अर्जित कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। जोनल स्तर पर भी विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया, जिसमें कैडेट यशराज संदलिया एवं कैडेट उत्कर्ष राज ने रजत पदक तथा कैडेट अभिनय आनंद ने कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं, 11 विद्यार्थियों को 'मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन' से सम्मानित किया गया, जिनमें उपरोक्त 9 कैडैट्स के अलावा कैडेट दिव्या रानी और कैडेट वरुण राठी भी शामिल है। कक्षा स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 9 विद्यार्थियों को क्लास टॉपर के रूप में भी गोल्ड मेडल प्राप्त हुए हैं। इस उपलब्धि पर विद्यालय में एक विशेष सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सभी विजेता विद्यार्थियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. युद्धवीर सिंह, निदेशिका डॉ. ज्योत्स्ना, प्रशासक विक्रमादित्य तथा सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल डॉ. डी.वी नेहरा ने विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की।

### मांगों के पूरा होने तक जारी रहेगी हड़ताल

हिसार। नगर पालिका कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन द्वारा कर्मचारियों की मांगों को लेकर की जा रही हड़ताल शुक्रवार को 10वें दिन भी जारी रही। शुक्रवार को हड़ताल की अध्यक्षता लीडिंग फायरमैन राज सिंह व जिला प्रधान राजेश महला ने की तथा संचालन कश्मीरी ने किया। हड़ताली कर्मचारियों को संबोधित करते हुए हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन राज्य उपप्रधान जसवीर श्योकंद ने कहा कि जब तक सरकार 16 फरवरी को फरीदाबाद की कालका स्टील फैक्ट्री में लगी आग को बुझाते समय शहीद हुए फायर फाइटर रणवीर सिंह व भवि चन्द शर्मा को शहीद का दर्जा नहीं देती तथा उनके आश्रितों को एक करोड़ रुपए मुआवजा व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी नहीं देती तब तक आंदोलन जारी रहेगा। नगर पालिका कर्मचारी संघ राज्य कैशियर राज्य राजेश बागड़ी ने कहा कि रोहतक में कन्वेंशन करके नगर पालिका कर्मचारी संघ ने भी फायर कर्मचारी के समर्थन में पूरे राज्य में प्रोग्राम रखे हैं अगर सरकार इन कर्मचारियों की मांगों की तरफ ध्यान नहीं देती नगर पालिका का कर्मचारी भी पूर्ण रूप से हड़ताल पर चला जाएगा जिसकी जिम्मेवारी सरकार की होगी।






### डाटा पब्लिक स्कूल का परिणाम रहा शत प्रतिशत

हांसी। सीबीएसई द्वारा बुधवार को जारी दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में डाटा पब्लिक स्कूल ने इस वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्कृष्टता की मिसाल कायम करते हुए 100 परिणाम हासिल किया है। यह जानकारी देते हुए स्कूल प्राचार्या डॉ सुमन यादव ने बताया कि स्कूल विद्यार्थी मुस्कान (96.8 फीसद), सिमरन (95.4 फीसद), अंशु (92.2 फीसद), रितिका (91.2 फीसद), जिज्ञासा (91.2 फीसद), श्लोक (90.8 फीसद), गुरप्रीत (90.8 फीसद), तानिया (90.4 फीसद), खुशी ने (87.4 फीसद), रितिका (86.8 फीसद), जयदीप (86.2 फीसद), नितिन (85.2 फीसद), साहिल (84.8 फीसद), कमल (84 फीसद), नैना (83 फीसद), श्रुति (82.4 फीसद) एवं अतुल (80.4 फीसद) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों का विद्यालय चेयरमैन महिपाल सिंह यादव, प्राचार्या डॉ. सुमन यादव ने विद्यार्थियों का फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया।

### कंपनियों को राहत देने के लिए तोड़े नियम: संपत

हिसार। पूर्व मंत्री एवं इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय संरक्षक प्रो. सम्पत सिंह ने हरियाणा विद्युत नियामक आयोग पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि आयोग ने बिजली वितरण कंपनियों को राहत देने के लिए नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई हैं। 47 पैसे प्रति यूनिट फ्यूल एंड पावर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज लागू करने की याचिकाओं को नियमों में ढील देकर सुनवाई के लिए स्वीकार करना जनता पर आर्थिक हमला है। उन्होंने कहा कि यह याचिका एमवाईटी विनियम 81, 82 एवं 84 तथा विनियमन 68 के प्रावधानों में कथित कठिनाई का बहाना बनाकर दायर की गई है, जिसका असली मकसद वित्तीय वर्ष 2025-26 में सरचार्ज वसूलने से बचना और बाद में इसे वहन लागत सहित जनता से वसूलना है। यह सीधा-सीधा उपभोक्ताओं को लूटने की साजिश है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस जनविरोधी फैसले को तुरंत वापस नहीं लिया गया तो इंडियन नेशनल लोकदल सड़कों से लेकर आयोग तक बड़ा आंदोलन छेड़ेगा और हरियाणा के 84 लाख उपभोक्ताओं के अधिकारों की लड़ाई पूरी ताकत से लड़ेगा।

# दिव्यांगों को शिक्षा के साथ सांस्कृतिक व आध्यात्मिक गतिविधियों से जोड़ना एक सराहनीय पहल : गंगवा

■ श्रवण एवं वाणी निशक्त जन कल्याण केंद्र में नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर यज्ञ-हवन समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। श्रवण एवं वाणी निशक्त जन कल्याण केंद्र में आयोजित यज्ञ-हवन में आहुतियां अर्पित करते कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, अध्यक्ष मेघा भंडारी व अन्य।

श्रवण एवं वाणी निशक्त जन कल्याण केंद्र हिसार में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ के अवसर पर शुक्रवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि समारोह की अध्यक्षता हरियाणा वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष मेघा भंडारी द्वारा की गई। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने विशेष रूप से केंद्र के प्रयासों की भी सराहना करते हुए कहा कि श्रवण एवं वाणी दिव्यांगजनों को शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों से जोड़ना एक सराहनीय पहल है। इससे उनमें आत्मविश्वास और सामाजिक समावेशन की भावना को बल मिलता है। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि यज्ञ-हवन विश्व कल्याण केंद्र भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा को आगे बढ़ा रहे है, क्योंकि यज्ञ और हवन मानव जीवन को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाते है। इस दौरान उन्होंने केंद्र के लिए अपने ऐच्छिक कोटे से 5 लाख रुपये देने की भी घोषणा की।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने पर्यावरण शुद्धि, ज्ञान-वृद्धि एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की कामना के साथ यज्ञ में आहुतियां अर्पित कीं।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडिय़ों को सम्मानित भी किया।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ आशा खेदड़, हिसार मार्केट कमेटी चेयरमैन रविंद्र रोकी, वाइस चेयरमैन अमित डालमिया, चेयरमैन अजय गावड़, सजग के प्रदेशाध्यक्ष एवं वास्तुविद सत्य पाल अग्रवाल, केंद्र के सहायक निदेशक अमित चौधरी, विनोद गोयल, अध्यक्ष डॉ हेमंत आहुजा, सचिव गुलशन कथुरिया, कोषाध्यक्ष संजीव, राजेंद्र सांगवान आदि उपस्थित रहे।

# स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों में जुटा नगर निगम प्रशासन



हिसार। एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण करते अतिरिक्त निगमायुक्त व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा शहर में स्वच्छता से जुड़े कार्य निरंतर किए जा रहे है। इन कार्यों की प्रभावी निगरानी के लिए अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण भी किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा ने जोन-2 के अंतर्गत आने वाले एमआरएफ (मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) सेंटरों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महात्मा गांधी अस्पताल के समीप स्थापित एमआरएफ सेंटर तथा सातरोड स्थित एमआरएफ सेंटर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित एजेंसियों को कचरे का सेग्रीगेशन अच्छी तरह से करने के निर्देश दिए। साथ ही कचरे का नियमित उठान सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। डॉ. प्रदीप हुड्डा ने कहा कि निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कचरे का नियमित उठान होता रहेगा, तो उसके वैज्ञानिक निस्तारण की प्रक्रिया में तेजी आएगी।

# फसल खरीद नियमों के विरोध में 20 अप्रैल को होगा मार्केट कमेटी का घेराव

■ संयुक्त किसान मोर्चा ने जाट धर्मशाला में मीटिंग कर किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी




हांसी। जाट धर्मशाला में आयोजित मीटिंग में भाग लेते संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा की शुक्रवार को रणबीर मलिक, सुरेश कोथ, विकास सीसर व हरजिंदर नानूआना की संयुक्त अध्यक्षता में जाट धर्मशाला में मीटिंग आयोजित की ग। मीटिंग में फसल खरीद के नए नियमों के खिलाफ 20 अप्रैल को सभी मार्केट कमेटी कार्यालयों पर 3 घंटे का घेराव किया जाएगा। संयुक्त किसान मोर्चा ने बैठक में बिजली लाइनों से शॉर्ट सर्किट अन्य कारणों से गेहूं में हुई आगजनी की घटनाओं पर फसल के पूरे नुकसान की भरपाई की मांग को लेकर नीति बनाने की मांग की है।

मोर्चा ने केंद्र सरकार द्वारा भाखड़ा व्यास मैनेजमेंट बोर्ड में हरियाणा पंजाब के प्रतिनिधियों की बजाय केंद्र से नियुक्ति करने, हरियाणा सरकार द्वारा बिजली के निजीकरण के उद्देश्य से बनाए गए नए निगम का भी विरोध किया गया है। संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा ने बैठक में गेहूं सीजन में बिजली और अन्य कारणों से आगजनी की घटनाओं में किसानों को पूरा मुआवजा देने को लेकर सरकार से नीति बनाने की मांग की। मीटिंग में संयुक्त किसान मोर्चा ने बिजली के निजीकरण के उद्देश्य से बनाए गए नए डिस्कॉम का संयुक्त किसान मोर्चा विरोध किया।

बैठक में बलबीर सिंह, कंवरजीत सिंह, सुखविंदर रतिया, मास्टर सतीश, डॉ सुखदेव जम्मू, सतबीर बोहल, बिन्दर नंबरदार, आजाद मीरान, जोगेंद्र नैन, कुलदीप ढांडा, निर्भय रतिया, धर्मपाल बडाला, सुमित दलाल, राजीव मलिक व रोहतास सिंह सहित काफी संख्या संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य व किसान मौजूद थे।



### मिर्चपुर में नहीं रहेगा मूलभूत सुविधाओं का टोटा

नारनौंद। गांव मिर्चपुर में सर्व जातिय भाईचारे की तरफ से दीनबंधु सर छोटू राम की प्रतिमा स्थापित करने के बाद जिला उपायुक्त राहुल यादव गांव में पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया कि गांव में सभी मूलभूत सुविधाएं आप लोगों को मिल सकेंगी। मेरा गांव मेरी जन्म भूमि तो मिर्चपुर मेरी कर्मभूमि है। इस अवसर पर जिला उपायुक्त राहुल नरवाल को छत्तीस बिरादरी की तरफ से पगड़ी पहनाकर सम्मानित भी किया गया। उन्होंने कहा कि दीनबंधु सर छोटूराम एक महान व्यक्ति थे। उन्होंने किस में मजदूर की लड़ाई लड़कर उनका रास्ता दिखाने का काम किया था आज भी उनको एक प्रेरक के रूप में जाना जाता है। गांव के चौक पर ऐसी प्रतिमा लगानी चाहिए जो कि हमें प्रेरणा दे। गांव की तरफ से उनको मांग पत्र सौंपा गया। सरपंच प्रतिनिधि अशोक कुमार, मास्टर चंद्रप्रकाश, मीहर सिंह ने गांव की तरफ से पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उदयबीर सिंह, पूर्व प्रिंसिपल सुरेश कुमार, पूर्व सरपंच सत्यवान ढांडा, सुरेंद्र चौहान,, अजय पहलवान, सुभाष, कृष्ण शर्मा, प्रदीप पान्नू,,जयदीप, अनिल गिल मनीष कुमार आदि मौजूद थे।



### एसपी ने अधिकारियों संग की अपराध समीक्षा

हांसी। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने शुक्रवार को पुलिस अधिकारियों के साथ कांफ्रेंस हॉल में अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने सभी पुलिस उप अधीक्षकों, थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हम सब की जिम्मेवारी है कि पुलिस के पास आने वाला शिकायतकर्ता पुलिस द्वारा उसकी शिकायत पर की गई कार्रवाई से संतुष्ट हो। पुलिस के पास आने वाली शिकायतें महत्वपूर्ण है। शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई करने से आमजन में पुलिस कार्रवाई के प्रति संतुष्टि बढ़ती है। समीक्षा गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक ने शिकायतों के फीडबैक की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पुलिस के पास आने वाली शिकायतों के निपटान पर लिए गए फीडबैक में सुधार हुआ है लेकिन इसमें ओर भी सुधार की जरूरत है। एसपी ने कहा कि मोटर वाहन अधिनियम के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों जैसे गलत लेन में वाहन चलाने वाले, रॉन्ग साइड ड्राइविंग, ओवर स्पीड, शराब पीकर वाहन चलाने वाले, बुलेट बाइक से पटाखा बजाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त व प्रभावी कारवाही करें। इसके साथ ही गाड़ी में सायरन व लाल नीली बत्ती लगाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई करें।

### नियमों के उल्लंघन पर 11 लोगों के काटे चालान

हिसार। शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए नगर निगम लगातार सख्त कदम उठा रहा है। इसी कड़ी में एएसआई राहुल सैनी, एएसआई रोहित व एएसआई राहुल पंवार ने न्यू विनोद नगर नजदीक जिन्दल पार्क और सब्जी मण्डी क्षेत्र में खुले में कचरा डालने पर तीन दुकानदारों के पांच-पांच हजार का चालान किया। इसके अलावा एएसआई सरोज ने ओल्ड कोर्ट काम्पलैक्स एरिया में चार दुकानदारों के द्वारा कचरा सेग्रीगेशन न करने पर उनके चालान किए। इसके अलावा एएसआई कपिल व एएसआई प्रवीण ने सेक्टर 16-17 में एक व्यक्ति द्वारा कचरा सेग्रीगेशन न करने और सेक्टर 13 में सीएंडडी वेस्ट डालते पाएं जाने पर संबंधित व्यक्ति का चालान किया। इसके अलावा एएसआई सन्नी ने खुले में कचरा डालने पर जिन्दल चौक व डाबड़ा चौक पर दो दुकानदारों के पांच-पांच के चालान किए।

**मांग** फिलहाल हिसार से अमृतसर के लिए मात्र 1 ट्रेन

## मेयर प्रवीण पोपली को शिष्टमंडल ने सौंपा ज्ञापन

# हिसार से अमृतसर तक किया जाए ट्रेन विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। मेयर प्रवीण पोपली को ज्ञापन देते शिष्टमंडल। फोटो : हरिभूमि

शहर के एक शिष्टमंडल ने मेयर प्रवीण पोपली से कार्यालय में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल ने हिसार से लुधियाना तक चलने वाली ट्रेनों में से किसी एक को अमृतसर तक विस्तार देने के लिए ज्ञापन सौंपा। इस दौरान शिवम सोनी, श्याम सुंदर नागपाल, दीपक नागपाल, प्रवीण गुप्ता, संजय पाहवा आदि शहरवासी मौजूद रहे। शिष्टमंडल ने मेयर को ज्ञापन के माध्यम से बताया कि वर्तमान में हिसार से अमृतसर के लिए प्रतिदिन केवल एक ही ट्रेन उपलब्ध है। इस ट्रेन में हरियाणा, राजस्थान और पंजाब के बड़ी संख्या में यात्री सफर करते हैं। खासकर इस रूट पर श्रद्धालुओं, व्यापारियों, आम यात्रियों तथा भारतीय सेना के कर्मचारी और उनके परिवारों की आवाजाही काफी अधिक रहती है। सीमित ट्रेन सेवा के कारण यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने यह भी बताया कि हिसार से अमृतसर, ब्यास, जालंधर कैंट और नकोदर जैसे प्रमुख स्टेशनों के लिए भी केवल एक ट्रेन ही संचालित होती है। ऐसे में यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए ट्रेन सेवा का विस्तार बेहद जरूरी हो गया है। शिष्टमंडल ने मांग की कि इन ट्रेनों में से किसी एक को अमृतसर तक बढ़ाया जाए, जिससे क्षेत्र के करीब 400 गांवों के लोगों को बेहतर परिवहन सुविधा मिल सके और उनकी यात्रा संबंधी समस्याओं का समाधान हो सके।

### चेक बाउंस के मामले में पकड़ा उद्घोषित आरोपी

नारनौंद। चेक बाउंस के मामले में पुलिस ने एक उद्घोषित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। एएसआई वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि आरोपित बिरेन्द्र निवासी गांव किन्नर, चेक बाउंस के मामले में पेशी से लगातार गैरहाजिर चल रहा था। जिस पर अदालत ने 10 अप्रैल को उद्घोषित आरोपी घोषित किया गया। इस मामले में पुलिस की आरोपित युवक बिरेन्द्र को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया है।

### नगर निगम ने पकड़े 37 बेसहारा पशु

हिसार। नगर निगम द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान लगातार जारी है। अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की। नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि नगर निगम की टीम ने अर्बन-एस्टेट-2, सेक्टर-1-4, सुरजमल इन्केलव, आनंद निकेतन के आस-पास क्षेत्र से 37 बेसहारा पशुओं को पकड़ा। पकड़े गए पशुओं को गो अभ्यारण्य भेज दिया गया है। एएसआई संदीप बिश्नोई व पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

**सूचना**

मैं, गुलिया GULIYA (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) पत्नी श्री सुरेश कुमार गांव बालक, तहसील बरवाला, जिला हिसार, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुराना नाम गुलिया GULIYA है और अब मैं अपना नाम बदलकर संतोष SANTOSH (नया नाम) करवाना चाहती हूं। मेरा पहचान पत्र संख्या ZSF1294719 है, जिसमें मेरा नाम संतोष पत्नी श्री सुरेश कुमार दर्ज है। मेरे पुराने नाम से किसी भी कोर्ट में केस आदि पैंन्डिग नहीं है।


ON ALL MRP 6% OFF
Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET
UPTO 80% OFF
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE
JUST ₹1
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.
1 KG SUGAR
SUPER DEAL OF THE WEEK
1 LTR
ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.
18 April to 03 May
Tower Enclave, Jindal Chowk, Opposite HDFC Bank, Vidyut Nagar, Hisar, Haryana +91-98969 38427
COCA / SPRITE/ FANTA / LIMCA 2LTR ₹79
REAL MASALA JUICE / COCONUT WATER 1LTR BUY 1 GET 1 FREE
LAHORI ZEERA 24 PCS MRP - ₹240 ₹190
MANGO SIP 1LTR BUY 1 GET 1 FREE
FRESCA BUY 1 GET 3 FREE
RED BULL MRP - ₹125 ₹99
HURRICANE ENERGY DRINK (250 ml) BUY 1 GET 1 FREE
BUDWEISER NON ALCOHOLIC BUY 1 GET 2 FREE
TOPS TOMATO KETCHUP 850GM BUY 1 GET 1 FREE
GM POHA(500G) BUY 1 GET 1 FREE
MCCAIN 1.2KG BUY 1 GET 1 FREE
BREGANO PASTA ALL VARIANTS BUY 1 GET 1 FREE
BEANUT PEANUT BUTTER 1 KG BUY 1 GET 1 FREE
UNIFIT MUESLI HONEY & STRAWBERRY BUY 1 GET 2 FREE
SATMOLA - BTW BADSHAH NAMKEEN BUY 1 GET 1 FREE
HALDIRAM NAMKEEN 12.5% OFF ON MRP
MARVEL PREMIUM TEA 250GM / 1KG BUY 1 GET 1 FREE
24 MANTRA MUSTARD OIL 1 LTR ML BUY 1 GET 1 FREE
24 MANTRA ATTA 5KG BUY 1 GET 1 FREE
Fortune atta ( 10 kg ) MRP - ₹485 ₹415
PATANJALI ATTA 10KG MRP - ₹480 OUR PRICE ₹399
AASHIRVAAD ATTA 10KG MRP - ₹499 OUR PRICE ₹439
TATA TEA PREMIUM 1 KG MRP - ₹480 ₹329
OSCAR BASMATI RICE 5 KG MRP - ₹950 BUY 2 GET 1 FREE
MUSCLEBLAZE UPTO 40% OFF ON MRP
PRO NATURE MAKHANA BUY 1 GET 1 FREE
RAJDHANI BESAN 1 KG MRP - ₹150 ₹87
LOOSE SUGAR 5 KG OUR PRICE ₹230
PATANJALI COW GHEE 900ML MRP - ₹731 ₹675
ANMOL GHEE BUY 1 GET 1 FREE
WELCOME'S SPICES BUY 1 GET 1 FREE
MORE LIGHT DETERGENT 5LTR MRP - ₹535 OUR PRICE ₹340
SAFE WASH MATIC TOP LOAD 2LTR BUY 1 GET 1 FREE
COMFORT 2 LTR IMPORTED BUY 1 GET 1 FREE
WIPRO SAFE WASH MATIC LIQUID 1LTR BUY 1 GET 2 FREE
CLEAN & CLEAR FACEWASH 240 ML BUY 1 GET 1 FREE
CHANA DAAL 1KG ₹74
KALA CHANA 1KG ₹74
SAFED CHANA 1KG ₹89
MALKA LAL DAAL 1KG ₹89
PARMAL RICE 1KG ₹45
*T& C.APPLY
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.